भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2212
सोमवार, 2 अगस्त, 2021/11 श्रावण, 1943 (शक)

गुजरात राज्य में रोजगार जाना

2212. श्री दीपसिंह् शंकरसिंह् राठौड़ः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास कोविड-19 के दौरान गुजरात राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार खोने से संबंधित कोई आधिकारिक और प्रामाणिक जानकारी है; और

(ख) क्या सरकार के पास बड़ी संख्या में रोजगार खोने के कारण बुरी तरह से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों के आंकड़े है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) एवं (ख): रोजगार/बेरोजगारी से संबंधित आंकड़े राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा 2017-18 से आयोजित किए जाने वाले आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के माध्यम से इकट्ठे किए जा रहे हैं।

2017-18, 2018-19 एवं 2019-20 के दौरान आयोजित किए गए वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के परिणामों के अनुसार, देश में एवं गुजरात राज्य में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों का सामान्य स्थिति आधार पर अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) एवं अनुमानित बेरोजगारी दर नीचे दी गई हैं:

(प्रतिशत में)

वर्ष	2017-18		2018-19		2019-20	
	डब्ल्यूपीआर	यूआर	डब्ल्यूपीआर	यूआर	डब्ल्यूपीआर	यूआर
अखिल भारत	46.8	6.0	47.3	5.8	50.9	4.8
गुजरात	47.4	4.8	49.7	3.2	54.7	2.0

डब्ल्यूपीआर-कामगार जनसंख्या अनुपात
यूआर-बेरोजगारी दर

*****